# कार्यालय प्रधानाचार्य :: जी0एस0वी0एम0 मेडिकल कालेज :: कानपुर।

Tel.:+91-51272535483, E-mail : gsvm@yahoo.co.in, website : www.gsvmmedicalcollege.com


संख्याः 161 /नान पी0जी0 अ0प्र0/छा0लि0–1/25 दिनांक : 07-06 2025

## –:सेवायोजन विज्ञप्तिः–

महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या– एम0ई0–3/2024/2443 दिनांक 22–10–2024 के अनुपालनार्थ मेडिकल कालेजों की चिकित्सा प्रबंधन एवं मरीजों की गुणवत्तापूर्ण चिकित्सीय सुविधायें एवं उनके तीमारदारों को बेहतर आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से संविदा के आधार पर नॉन पी0जी0 जे0आर0 (हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) के 03 पदों पर वॉक इन इन्टरव्यू के माध्यम से चयन किया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी से अपेक्षा की जाती है कि वह साक्षात्कार के समय अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों (शैक्षिक, जाति व अनुभव प्रमाण पत्र आदि) के साथ तथा उक्त की स्वप्रमाणित प्रति, बायोडाटा एवं दो रंगीन छायाचित्र के साथ उपस्थित हो। तत्पश्चात् निर्धारित वॉक इन इन्टरव्यू दिनांक 28–06–2025 को एल0टी0–1, मेडिकल कालेज, कानपुर में प्रातः 10–00 बजे से साक्षात्कार सम्पन्न होने तक उपस्थित होना सुनिश्चित करें। रिक्त पदों की सूचना मेडिकल कालेज की वेबसाइट www.gsvmmedicalcollege.com पर भी उपलब्ध रहेगी। उक्त निर्धारित साक्षात्कार तिथि से जब जक रिक्त पदों की पूर्ति नही हो जाती तब तक हर माह के प्रत्येक बुधवार को साक्षात्कार कराया जायेगा। उक्त कार्यदिवस को अवकाश की दशा में अगले कार्यदिवस को साक्षात्कार सम्पन्न कराया जायेगा। आरक्षण रोस्टर के अनुसार पदों का निर्धारण निम्नवत् हैः–

| कम सं0 | पदनाम | रिक्त पदों की श्रेणी | | | | | कुल रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य | ओ0बी0सी0 | एस0सी0 | एस0टी0 | ई0डब्लू0एस0 | |
| 1 | नॉन पी0जी0 जे0आर0 (अस्पताल प्रशासन) | 01 | 00 | 02 | 00 | 00 | 03 |

संविदा पर नियुक्ति की शर्ते निम्नवत् हैः–

1– शैक्षिक योग्यता– एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0 एवं किसी भी चिकित्सीय संस्थान से दो वर्षीय पूर्णकालिक पी0जी0 डिग्री–मास्टर्स इन हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन अनिवार्य है।

2– संविदा पर नियुक्ति होने वाले अभ्यर्थियों को शासनादेश संख्या–05/2016/10/71–2–2016 जी0–309/2008 दिनांक–11.01.2016 में निर्धारित वेतन देय होगा।

3– अभ्यर्थियों की चयन वॉक–इन–इन्टरव्यू के माध्यम से एक वर्ष के लिये संविदा पर किया जायेगा।

4– यदि अभ्यर्थी पूर्व में किसी संस्था में कार्यरत है तो उस संस्था से अनापत्ति प्रमाण लाना अनिवार्य होगा।

**प्रधानाचार्य,**
मेडिकल कालेज, कानपुर।

संख्या– 161 /तद्दिनांक।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
3. प्रभारी अधिकारी, छात्रसेल, मेडिकल कालेज, कानपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त पदों के विज्ञापन के पश्चात् की समस्त कार्यवाही अपने स्तर से कराना सुनिश्चित करें।
4. नोडल अधिकारी, वेबसाइट, मेडिकल कालेज, कानपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को जी0एस0वी0एम0 मेडिकल कालेज, कानपुर की वेबसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

**प्रधानाचार्य,**
मेडिकल कालेज, कानपुर।